Estd 1961
वर्ष - 10 अंक 2
मूल्य - रु 1/-
जुलाई-सितम्बर 2019

# हिम चेतना

## HIM CHETANA

(NAAC द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित)
(उस्मानिया विश्वविद्यालय एवं बी.आइ.ई.से संबद्ध)
Website : www.hindimahavidyalaya.org
E-mail : info@hindimahavidyalaya.org

विशेषांक

हिन्दी महाविद्यालय का मुखप
(त्रैमासिक)

# वार्षिक रिपोर्ट

## आय-व्यय विवरण 2018-19






## साधारण सभा

शनिवार दि. 28-9-2019,
मध्याह्न 4 बजे महाविद्यालय में

हिन्दी महाविद्यालय
(AUTONOMOUS & NAAC-REACCREDITED)
जूनियर, डिग्री एवं पी.जी. कॉलेज एव
M.C.GUPTA COLLEGE OF BUSINESS MANAGEMENT
नल्लाकुंटा, उस्मानिया युनिवर्सिटी रोड, शंकर मठ के समीप, हैदराबाद - 500 044
फोन: 040-2761 6330, फैक्स : 040-6666 186

# हिन्दी महाविद्यालय समिति

अध्यक्ष
सुरेन्द्र लूणिया

उपाध्यक्ष
कमलनारायण अग्रवाल

कार्यदर्शी
लक्ष्मीनिवास शर्मा

संयुक्त कार्यदर्शी
सुरेशचंद्र लाहोटी

कोषाध्यक्ष
श्यामसुन्दर मूंदड़ा

## सदस्य

1. डॉ. टी.वी. नारायण
2. गोविन्द नारायण राठी
3. शीलकुमार जैन
4. जगदीश मित्तल
5. डॉ. चंद्रप्रकाश चौहान
6. जयदेव बल्दवा
7. सोहनलाल कडेल
8. सुशील कपाड़िया
9. किशोर संचेती
10. प्रदीप दत्त
11. दयानिवास शर्मा
12. प्रसन्न भंडारी

डॉ.पी.उमा
प्राचार्य- एच.एम.वी. और एम.सी.जी.सी.बी.एम.

# गवर्निंग काउंसिल कॉलेज (स्वायत्त)

श्री सुरेन्द्र लूणिया (अध्यक्ष)

श्री कमल नारायण अग्रवाल (उपाध्यक्ष)

श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा (कार्यदर्शी)

श्री सुरेशचंद्र लाहोटी (संयुक्त सचिव)

श्री श्याम सुन्दर मूंदड़ा (कोषाध्यक्ष)

डॉ.पी.उमा (प्राचार्य)

डॉ. मंजुला राणा (यू.जी.सी नॉमिनी)

डॉ. डी. श्रीरामुलू (यू.जी.सी नॉमिनी)

डॉ. डी.वी.जी. कृष्णा सदस्य

श्रीमती ज्योति हस्त सदस्य

# M.C.GUPTA COLLEGE OF BUSINESS MANAGEMENT

SURENDRA LUNIA (President)

KAMAL NARAYAN AGRAWAL (Vice President)

LAXMINIVAS SHARMA (Secretary & Correspondent)

SURESH CHANDRA LAHOTI (Joint Secretary)

SHYAM SUNDER MUNDADA (Treasurer)

## MEMBERS

1. Dr. T.V. Narayan
2. Hemanth Kumar
3. Daya Nivas Sharma
4. Dr. Chandraprakash Chauhan
5. Dr. P Uma

# अनुक्रमणिका

अनुक्रमणिका 01

सूचना एवं कार्यसूची 02

दृष्टि २०२० और हमारे लक्ष्य 03

संस्थाध्यक्ष की कलम से 04

वार्षिक रिपोर्ट 05

एम.सी.गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट रिपोर्ट 17

महाविद्यालय का वार्षिक आय-व्यय विवरण 21

विद्यार्थियों की संख्या 27

प्राध्यापक विवरण 29

समिति द्वारा नियुक्त अधिकारी 31

एम.सी.गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट प्राध्यापक विवरण 32

# सूचना

हिन्दी महाविद्यालय समिति की साधारण सभा शनिवार दिनांक 28-09-2019 को मध्याह्न 4-00 बजे महाविद्यालय में संस्थाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र लूणिया की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें निम्न विषयों पर विचार-विमर्श और निर्णय किया जाएगा। इस बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थित है।

**विषय सूची**

1) गत बैठक की कार्रवाई स्वीकृत करना।

2) हिन्दी महाविद्यालय की वर्ष 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट की स्वीकृति।

3) महाविद्यालय का वर्ष 2018-19 का आय - व्यय विवरण स्वीकृत करना।

4) महाविद्यालय के लेखा - परीक्षक की नियुक्ति वर्ष 2019-20

5) अन्य विषय - अध्यक्ष की अनुमति से।

कोरम के अभाव में साधारण सभा आधे घण्टे के पश्चात् महाविद्यालय में होगी।

हैदराबाद
31-8-2019

*लक्ष्मीनिवास शर्मा*
*कार्यदर्शी*

# दृष्टि 2020

शिक्षा-जगत् की आचार-संहिता की परिधि के भीतर, राष्ट्र के प्रति अपने सामाजिक एवं नैतिक दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वाह करते हुए, समाज के विभिन्न वर्गों से आने वाले विद्यार्थियों के लिये हिन्दी महाविद्यालय में ज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित विभिन्न आधुनिक विषयों के गहन-गंभीर अध्ययन की सुविधा हिन्दी एवं अंग्रेज़ी माध्यम से जनसाधारण के व्यय-सामर्थ्य और सीमाओं में निरन्तर सुलभ करायें तथा पाठ्यक्रमेतर अन्यान्य महत्त्वपूर्ण गतिविधियों के सतत् सक्रिय रहते हुए एक अद्वितीय विश्वविद्यालय के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं प्रत्युत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी पहचान बने-यही हमारा चिर-लक्ष्य है।

# हमारे लक्ष्य

01) हिन्दी महाविद्यालय सन् 2020 तक हिन्दी विश्वविद्यालय बने।

02) सन् 2020 तक छात्र - छात्राओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो।

03) छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण उत्कर्ष के साथ-साथ उनमें आत्म विश्वास, सामयिक योग्यता, आत्म निर्भरता, साक्षात्कार कौशल, नेतृत्व गुण, सामाजिक चेतना आदि का विकास करना।

04) ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न युगोचित नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करना।

05) शिक्षण में आधुनिक श्रव्य - दृश्य साधनों एवं उपकरणों का प्रयोग।

06) विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय संगठनों, उपक्रमों एवं अभिकरणों आदि से नियुक्ति संबंधी अनुबंध तथा छात्र-छात्राओं के लिए कैम्पस रिक्रूटमेंट सेल की स्थापना।

07) छात्र-छात्राओं के लिए परामर्श कक्ष की व्यवस्था।

08) राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं स्पर्धाओं में महाविद्यालय की प्रतिभागिता।

09) प्रान्तीय एवं विश्वविद्यालयीन स्तर पर आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में महाविद्यालय की प्रतिभागिता, राष्ट्रीय पदक एवं पुरस्कार प्राप्ति का संकल्प।

10) कार्यालय प्रणाली का कंप्यूटरीकरण तथा अकाउंटेंसी की नयी पद्धतियों का प्रयोग।

11) परिसर में पर्यावरण-संरक्षण एवं हरित क्रांति।

12) प्रत्येक व्यतीय वर्ष नवीन उपलब्धियों के कारण स्मरणीय एवं उल्लेखनीय बने।



**श्री सुरेन्द्र लूणिया**
*अध्यक्ष*

# संस्थाध्यक्ष की कलम से...

हिन्दी महाविद्यालय एक संस्था नहीं बल्कि एक परंपरा का प्रतीक है जिसे 58 वर्ष पूर्व समाज सेवियों और हिन्दी अनुरागियों ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार के संकल्प के साथ प्रारंभ किया था। आज भी यह अपनी गौरवपूर्ण परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखने की दिशा में प्रयत्नशील है।

हिम चेतना की यह वार्षिक रिपोर्ट (विशेषांक) आपको प्रेषित करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है। उक्त त्रैमासिक मुखपत्र के माध्यम से हिन्दी महाविद्यालय की प्रगति एवं प्रत्येक गतिविधि की जानकारी समस्त सदस्यों, शुभचिंतकों तक पहुँचाई जा रही है। अकादमिक वर्ष 2018-19 संस्था के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है। नवीन परिस्थितियों में स्वयं को समायोजित करने के लिए अंग्रेज़ी माध्यम का कोर्स प्रारंभ करते हुए भी हमें अपने मूल ध्येय से नहीं हटना है। हिन्दी की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखना है। इस परंपरा को वहन करते हुए एकल विद्यालय एवं हिन्दी माध्यम के विद्यालयों को पिछले कई वर्षों से सहायता राशि प्रदान की जाती है।

एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में हमें इतनी स्वतंत्रता है कि हम नये कोर्स प्रारंभ कर सके तथा संचालित पाठ्यक्रम में परिवर्तन ला सके। इस दिशा में महाविद्यालय सकारात्मक रूप से गतिशील है। विद्यार्थियों को रोजगार मूलक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

महाविद्यालय का विशाल भवन और विस्तृत परिसर सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र है। महाविद्यालय में अनेक संसाधन एवं सुविधाएँ उपलब्ध हैं। शैक्षणिक गतिविधियों से इतर विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का भी समय-समय पर आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों की आंतरिक प्रतिभा को उभारने के लिए नयी शिक्षण तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

इस वर्ष संस्था के लिए बड़ा ही दुखद प्रसंग रहा। इस बात से हमें बहुत आघात लगा जब राज्य सरकार से हिन्दी के कोर्सो को दी जाने वाली ऐड बंद कर दी और सारे एडेड प्राध्यापकों का तबादला कर दिया। हिन्दी महाविद्यालय द्वारा कई कोर्स हिन्दी में चलाये जा रहे है जिसमें बी.ए. में दाखिले बंद करने के पश्चात इस वर्ष से पुनः प्रारम्भ कर दिए गए हैं। महाविद्यालय समिति अध्यापकों के सम्पूर्ण वेतन का वहन कर रही है।

**सुरेन्द्र लूणिया**



लक्ष्मीनिवास शर्मा
*कार्यदर्शी*

हिन्दी महाविद्यालय

# वार्षिक रिपोर्ट - 2018-19

आदरणीय सदस्यगण।

नमस्कार

आपकी सेवा में हिन्दी महाविद्यालय की वर्ष 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है। वर्ष का आय-व्यय विवरण:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुल आय - **31-3-2019** | 2,80,22,135 | **31-3-2018** | 3,50,30,134 |
| कुल व्यय- | 2,15,80,231 | | 3,20,40,656 |
| वर्ष में बचत (शुद्ध) - | 64,41,906 | | 29,89,448 |

वर्ष की बचत को समिति के कांपर्स / फण्ड में जमा किया गया।

## शिक्षा के क्षेत्र में सुधार :

केन्द्रीय तथा राज्य सरकार द्वारा शिक्षा में सुधार के सतत् प्रयास किये जा रहे हैं। केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय नीति 2019 के लिए प्रो. कस्तूरी रंगन (भूतपूर्व अध्यक्ष ईसरो) की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जिनके द्वारा एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2019 का मसौदा तैयार किया गया तथा उस पर प्रतिक्रिया के लिए सभी राज्यों तथा शैक्षणिक संस्थानों को भेजा गया।

संभवत: इस वर्ष के अंत तक इसे स्वीकार किया जा सकता है।

## मानव संसाधन – मुद्दा

जुलाई 2018 में तेलंगाना सरकार के सभी सहायता प्राप्त प्राध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों को स्थानांतरित कर दिया गया। अतएव महाविद्यालय को प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों की नियुक्ति करनी पड़ी, 5 प्राध्यापक तथा 6 कर्मचारी जिन्होंने 2018-19 में कार्य किया उनकी सूची पृष्ठ संख्या 29 पर संलग्न है।

**नए कोर्सिज़ का प्रारंभ**

वर्ष 2018-19 में महाविद्यालय में एम.कॉम प्रारंभ किया गया। प्रथम वर्ष में 48 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। कुछ अन्य नए कोर्स बीएससी, एमपीसी वर्ष 2019-20 में प्रारंभ किया जा रहे हैं। बी.कॉम. कम्प्यूटर तथा बी.बी.ए में अतिरिक्त विभाग की स्वीकृति प्राप्त हुई।

**महाविद्यालय में छात्रों का प्रवेश तथा विद्यार्थियों की संख्या:-**

वर्ष 2018-19 में कुल 425 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया तथा विद्यार्थियों की कुल संख्या 1293 रही। विद्यार्थियों की संख्या कक्षानुसार सूची पृष्ठ संख्या 27 पर संलग्न है।

**परीक्षा परिणाम:-**

वर्ष 2018-19 में दो सेमेस्टरों की परीक्षाएँ हुई। II, IV की परीक्षा वर्ष के अंत में होती है। परीक्षाओं के परिणाम संतोषजनक रहे।

**एच.एम.वी. गर्ल्स एवं बॉयज हॉस्टल:**

महाविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल का प्रारंभ 28 जनवरी 2007 वर्ष में किया गया। वर्ष 2018-19 में कुल 81 बालिकाओं ने हॉस्टल का उपयोग किया। जिसमें महाविद्यालय की 36 छात्राएँ शामिल हैं।

**एम.एम.वी. बॉयज़ हॉस्टल :** – इस वर्ष क्रिकेट स्टेडियम के निचले भाग में बॉयज़ हॉस्टल का निर्माण किया गया। जिस पर कुल व्यय 5,26,464 हुआ। वर्ष 2018-19 में 6 विद्यार्थियों ने इसका उपयोग किया। वर्ष 2019-20 में 12 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया।

**एन.सी.सी. / एन. एस.एस.**

कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए एन.सी.सी. / एन. एस.एस. का प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष 2018-19 में कुल 138 विद्यार्थियों ने एन.सी.सी. में भाग लिया। जिसमें महाविद्यालय के 115 विद्यार्थी शामिल हैं अन्य महाविद्यालयों से किसी भी छात्र ने इसमें प्रवेश नहीं लिया। एन. एस.एस. में कुल 100 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया।

**क्रिकेट कोचिंग अकादमी:**

हिन्दी महाविद्यालय की क्रिकेट कोचिंग अकादमी वर्ष पर्यंत सक्रिय रही। इस वर्ष कुल 200 से अधिक विद्यार्थियों ने क्रिकेट कोचिंग में भाग लिया।

**पुस्तकालय:**

महाविद्यालय में पुस्तकालय का उपयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2018-19 में कुल 381 पुस्तकें खरीदी गई जिसकी कीमत 1,69, 571 रुपये है।

**कम्प्यूटर / अंग्रेजी तथा कॉमर्स लैब:**

महाविद्यालय के कम्प्यूटर लैब में 140 कम्प्यूटर (अंग्रेजी लैब में 23 कम्प्यूटर, बी.एस.सी लैब 25 कम्प्यूटर,

कॉमर्स लैब में 28 कम्प्यूटर, एम.बी.ए/बी.बी.ए. 35 कम्प्यूटर, बी.वॉक 4 कम्प्यूटर, प्रैक्टिकल अकाउंटिंग एण्ड टैक्सेशन लैब 20 कम्प्यूटर तथा ऑफिस में 6 कम्प्यूटरों) की व्यवस्था है। विद्यार्थीगण इसका लाभ उठा रहे हैं।

**परीक्षा विभाग:**

महाविद्यालय स्वायत्त होने के कारण पिछले 6 वर्षों से परीक्षा विभाग स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहा है। सेमेस्टर की परीक्षा का पूर्ण काम परीक्षा पत्र बनवाना, उत्तर प्रस्तिकाओं का मूल्यांकन करवाना तथा परिक्षाएँ सुचारू रूप से करवाना परीक्षा परिणाम उस्मानिया विश्वविद्यालय से मंजूर करवाकर घोषित करवाना यह सारे कार्य सूचारू रूप से चल रहे है।

**महाविद्यालय में सौर ऊर्जा का प्रबंध:-**

वर्ष 2018-19 में सौर ऊर्जा की व्यवस्था की गई। जिसमें कुल व्यय 47.2 लाख हुआ। इसे प्रयोग करने से ग्रीन एनर्जी प्राप्त होती है। और सरकारी बिजली का व्यय कम होता है।

**सेमिनार एवं वर्कशॉप:**

वर्ष 2018-19 में जो संगोष्ठी तथा कार्यशालाएँ हुई उनकी सूची पृष्ठ संख्या 11 पर संलग्न है।

**अन्य व्याख्यान तथा कार्यक्रम:**

वर्ष 2018-19 में जो अन्य व्याख्यान तथा कार्यक्रम हुए उनकी सूची पृष्ठ संख्या 16 पर संलग्न है।

महाविद्यालय की अन्य गतिविधियाँ संलग्न है। सभी कार्यों का सुचारू रूप से निर्वहन करने में कार्यकारिणी गवर्निंग काउंसिल, एम.सी.गुप्ता कॉलेज की प्रबंध समिति के सभी सदस्यों तथा अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र लूणिया, उपाध्यक्ष श्री कमल नारायण अग्रवाल, सह मंत्री श्री सुरेशचन्द्र लाहोटी एवं कोषाध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर मूंदड़ा का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। विद्यालय में कार्यरत सभी प्रध्यापकगणों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

# महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधन एवं सुविधाएँ

## पुस्तकालय

हिन्दी महाविद्यालय का पुस्तकालय महाविद्यालय के लिए गौरव है क्योंकि यह नगरद्वय के पुस्तकालयों से अधिक समृद्ध है। उक्त पुस्तकालय में प्राचीनतम दुर्लभ साहित्य, कोश, संदर्भग्रंथ आदि हैं जो अन्यत्र अप्राप्य हैं। कतिपय प्रतिबंधित पुस्तकें जैसे 'पथ के दावेदार' भी उपलब्ध है। नालंदा शब्द कोश के अप्राप्य संस्करण से लेकर **कामिल बुल्के की रामकथा, भारतीय लोक साहित्य कोश** (9 भाग) जो शोधार्थियों के लिए दुर्लभ है परंतु यहाँ प्राप्य है। **आंध्र का इतिहास** की दुर्लभ प्रति यहां उपलब्ध है। ज्ञान-पिपासुओं के लिए यह पुस्तकालय अत्यंत उपयोगी है। यू.जी.सी. के नियमानुसार डिग्री की पुस्तकों के अतिरिक्त प्रति वर्ष 15 हजार रूपये की पुस्तक स्नातकोत्तर केन्द्र के विद्यार्थियों के लिए मंगवाई जाती है। उक्त पुस्तकों का चयन अत्यन्त सावधानीपूर्वक, विषयानुकूल, पाठ्यक्रम से संबंधित, ग्रंथ, दुर्लभ, साहित्य, संदर्भ ग्रंथ, समकालीन साहित्य आदि को देखते हुए किया जाता है। अनेक मासिक, त्रैमासिक एवं वार्षिक पत्र-पत्रिकाएँ भी मंगवाई जाती हैं। अकादमिक वर्ष 2018-19 में प्रारम्भ किये जाने वाले नवीन पाठ्यक्रमों के लिए पुस्तकें खरीदी गई हैं।

**महाविद्यालय में पुस्तकालय का उपयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2018-19 में 3822 विद्यार्थियों ने इसका लाभ लिया। वर्ष 2018-19 में कुल 381 पुस्तकें खरीदी गई जिसकी कीमत 1,69, 571 रुपये है।**

### पुस्तकालय में लगभग 39276 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं।

**1961 से अगस्त 2019 तक खरीदी गयी पुस्तकें**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गणित | 1160 | भौतिकी शास्त्र | 1315 | इतिहास | 1558 |
| वाणिज्य | 6147 | रसायन शास्त्र | 849 | प्राणि विज्ञान | 766 |
| कंप्यूटर | 331 | सूक्ष्म जीवविज्ञान | 61 | अन्य | 3182 |
| अर्थशास्त्र- | 1710 | जैव प्रौद्योगिकी | 67 | | |
| राजनीति शास्त्र | 1818 | जैव रसायन | 76 | | |
| अंग्रेजी | 3493 | संस्कृत | 1478 | | |
| हिन्दी साहित्य | 14528 | वनस्पति शास्त्र | 737 | | |



## जिम



वर्ष 2002 में यू.जी.सी. से प्राप्त अनुदान राशि से महाविद्यालय में जिम की स्थापना हुई। अब तक सैंकडों छात्र-छात्राओं ने इसका लाभ उठाया है। जिम को हमारे छात्रावास की छात्राओं के लिये भी खोल देने का प्रस्ताव आया है। वस्तुतः जिम के समुचित एवं व्यापक उपयोग की एक अचूक योजना के निर्माण की आवश्यकता है। इस दिशा में आप सबके सुझाव आमंत्रित हैं।



# वातानुकूलित कंप्यूटर लैब

इसकी स्थापना सन् 2002 में की गई थी। इसमें इंटरमीडिएट, बी.ए., बी.कॉम. तथा विज्ञान के विद्यार्थी अपने -अपने पाठ्यक्रम के आधार पर कंप्यूटर-विषयक ज्ञान प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय की नयी नीतियों के अनुसार बी.कॉम के शिक्षा क्रम में सभी विषयों के साथ कंप्यूटर का प्रयोग एवं व्यावहारिक ज्ञान अनिवार्य हो गया है तथा प्रैक्टिकल परीक्षाओं के अंक भी वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाने लगे हैं। कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिये कंप्यूटर लैब में उपलब्ध 134 कंप्यूटरों को विभागीय आवश्यकतानुसार वितरित करते हुए स्वतंत्र कक्षाओं में विभक्त कर दिया गया है तथा कंप्यूटरों की देख-रेख एवं रख-रखाव हेतु एक विशेषज्ञ की भी नियुक्ति कर दी गई है।

कंप्यूटरों को इंटरनेट से भी जोडा गया है, जिससे नेट पर उपलब्ध ज्ञान सामग्री से लाभान्वित हुआ जा सके। समय-समय पर की गई विद्युत् की कटौती से होने वाले व्यवधान से बचने के लिये कंप्यूटर लैब में यू.पी.एस. स्थापित किया गया है, जिससे अब बिजली गुल हो जाने पर भी कंप्यूटरों पर निरंतर कार्य किया जा सकेगा।





# महिला एवं पुरुष छात्रावास

**महिला छात्रावास :** वर्ष 2007 के जनवरी मास में उद्घाटित हमारे छात्रावास में 80 से अधिक छात्राओं के निवास की व्यवस्था है। छात्रावास में व्यवस्थित रसोई घर, डाइनिंग हॉल, रिक्रिएशन रूम, इनडोर क्रीडा कक्ष आदि सुविधाएँ उपलब्ध हैं। छात्रावास के नीचे पृथक् पार्किंग स्थल का भी प्रावधान है। प्रदत्त सुविधाओं के कारण इस छात्रावास की, निकटवर्ती छात्रावासों तथा छात्र समाज में बड़ी चर्चा है। वर्ष 2017-18 में इस छात्रावास में लगभग 81 छात्राओं ने प्रवेश लिया। छात्रावास की छात्राओं को लाइब्रेरी के उपयोग की स्वीकृति भी दी जाती है।



पुरुष छात्रावास : स्टेडियम के पिछले भाग में पुरुषों के लिए छात्रावास की व्यवस्था की गई है। 25 विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था वहाँ पर है।



# एन.सी.सी. इकाई

सन् 1994 में स्थापित एन.सी.सी. इकाई आकाश थापा (हिन्दी महाविद्यालय पी. वमशी कृष्णा हिन्दी महाविद्यालय के छात्र, बी.एस.सी. ग्रुप) के योग्य नेतृत्व में पर्याप्त सक्रिय है। महाविद्यालय के अपने तथा अन्य संस्थाओं से आये सभी कैडेट्स सहित इस इकाई में संप्रति 150 से अधिक कैडट्स प्रशिक्षणाधीन हैं, जिन्होंने नियमानुसार गत वर्ष भी विभिन्न शिविरों, शिविरकालीन प्रतियोगिताओं, स्पर्धाओं तथा सामाजिक जागरूकता मूलक सेवा-कार्यों में भाग लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया।





# क्रिकेट कोचिंग अकादमी

महाविद्यालय द्वारा सन् 1998 में स्थापित यह अकादमी नगर तथा नगरान्तर में कीर्ति अर्जित कर रही है। इसमें प्रशिक्षित अनेक विद्यार्थियों ने स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा प्रांतीय एवं राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंटों एवं मैचों में भाग लेकर न केवल अपनी उपस्थिति का आभास कराया है वरन् विभिन्न पदक तथा पुरस्कार प्राप्त करके अकादमी को गौरवान्वित किया है। गत दस वर्षों से यह अकादमी नगरस्थ विकलांग क्रिकेट खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। खेल पढ़ाई में किसी प्रकार से बाधक नहीं है। अध्ययन के साथ साथ खेलकूद भी जारी रखा जा सकता है।





# प्लेसमेंट सेल

सामयिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर संस्था में एक प्लेसमेंट सेल की स्थापना की गई है जो योग्य छात्र-छात्राओं को योग्यता एवं अर्हतानुसार नौकरियाँ दिलवाने में सहायता करती है। इस संदर्भ में अनेक कंपनियों, कार्यालयों, बड़े होटलों, बैंकों जिनमें आई.सी.आई.सी.आई बैंक, बिज़नेस सेंट्रल, कैप जैमिनी, प्रतीक वेंचर्स आदि प्रमुख हैं।





# एकल शिक्षक विद्यालय को आर्थिक सहायता

गत अनेक वर्षों से हिन्दी महाविद्यालय की ओर से एकल शिक्षक विद्यालय को नियमित रूप से आर्थिक सहायता दी जा रही है। 2 लाख 89 हजार की किस्त एकल शिक्षक विद्यालय को सहायता स्वरूप प्रदान की गयी है।





# हिन्दी महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न परीक्षाएँ

महाविद्यालय में महाविद्यालयीन परीक्षाओं से इतर परीक्षाओं का भी आयोजन बड़े ही व्यवस्थित तरीके से किया जाता है। जिसमें राज्यस्तरीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की परीक्षाएँ होती हैं। राज्य स्तरीय परीक्षाओं में इंटरमीडिएट की वार्षिक एवं पूरक परीक्षा ए.पी.पी.एस.सी की ग्रुप I, II, III आदि की परीक्षा संचालित की गई। विश्वविद्यालयीन स्तर पर डिग्री एवं पूरक परीक्षाएँ, पी.जी. की प्रवेश परीक्षा, निर्णायक परीक्षा, यू.जी.सी. नेट आदि परीक्षाओं का आयोजन किया गया। यू.पी.एस.सी. की परीक्षा तथा सी.ए., आदि की परीक्षाएँ संचालित की गई।



# महाविद्यालय में आयोजित विविध गतिविधियाँ

**एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन :** दिनांक 1 अक्तूबर 2018 को हिन्दी महाविद्यालय के रिसर्च विंग द्वारा आइ.सी.एस.एस.आर. के कार्यक्रमों तथा योजनाओं से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ.के.एल. खेरा उपस्थित थे।

डॉ. के.एल. खेरा जी ने अपने वक्तव्य में सर्वप्रथम आई.सी.एस.एस.आर. संस्था के बारे में चर्चा करते हुए यह बताया कि यह शिक्षकों, शोधार्थियों के लिए किस प्रकार उपयोगी साबित हो सकती है तथा शोधकार्य करते हुए शिक्षक अथवा गैर शिक्षक दो वर्ष तक नियमित आय के रूप में अपना शोधकार्य करते हुए शोध प्रबंध प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात् उन्होंने शोधकार्य के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक अच्छा शिक्षक एक अच्छा शोधकर्ता माना जाता है। समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक का अमूल्य योगदान होता है। इसलिए उसे शोधकार्य में निरंतर सक्रिय होना चाहिए।

**स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित**: दिनांक 15-8-2018 को हिन्दी महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन धूम-धाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वी. अरविंद (तेलंगाना ग्रामीण बैंक के चेयरमैन) ने एन.सी.सी.केडेट्स द्वारा की गयी परेड का निरीक्षण किया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि श्री वी. अरविंद के द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ने हिन्दी महाविद्यालय की अक्षुण्ण प्रतिभा का गुणगान करते हुए अध्यापक जीवन को सर्वेत्तम बताया तथा छात्रों तथा युवाओं को अपने अंतस में नैतिक मूल्यों के विकसन हेतु परामर्श दिया, जिससे कि वे अच्छे नागरिक बन सकें और राष्ट्र की सेवा कर सकें।

**हिन्दी महाविद्यालय में बतुकम्मा एवं डांडिया उत्सव का आयोजन :** कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पी. उमा के साथ प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

**'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आयोजन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संपूर्ण भारत में 15 सितंबर से 2 अक्तूबर तक आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत दिनांक 22 सितंबर को हिन्दी महाविद्यालय में एन.सी.सी. यूनिट के द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर महाविद्यालय के प्रांगण को स्वच्छ करने में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के एन.सी.सी. यूनिट के कैडेट्स द्वारा एक भव्य रैली निकाली गई।

**हिन्दी दिवस का आयोजन:** दिनांक 14 सितंबर 2018 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी महाविद्यालय के छात्र मस्तान, अनूप, रानी, उमा, सुप्रिया, पूजा, प्रिया, प्रियंका पटेल आदि छात्रों ने कविता एवं भाषण प्रस्तुत किए।

**'शोध कार्य की रूपरेखा निर्माण' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन:** हिन्दी महाविद्यालय में शोध और

परामर्श केंद्र द्वारा बुधवार, 12 सितंबर को शोध कार्य के दिशा-निर्देश हेतु एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें 'शोध कार्य की रूपरेखा निर्माण' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसमें प्रमुख वक्ता के रूप में पूर्व डीन, वाणिज्य विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय के प्रो. के.वी. अचलापति उपस्थित थे। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में शोध कार्य की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए शोध विषय के चयन के विभिन्न स्तरों का विश्लेषण परक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। शोधकर्ता के लिए आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही यह बताया कि शोधकार्य के द्वारा व्यक्ति में एक विश्लेषणात्मक दृष्टि उत्पन्न होती है, जो शिक्षण कार्य में सहायता प्रदान करती है।

**स्वायत्तता के नवीकरण के लिए जे.वी.सी. का आगमन:** दिनांक 3 और 4 अगस्त को हिन्दी महाविद्यालय की स्वायत्तता के नवीकरण हेतु जे.वी.सी. (संयुक्त निरीक्षण समिति) का आगमन हुआ। इस कमेटी (समिति) के अध्यक्ष के रूप में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा (महाराष्ट्र) के कुलपति प्रो. गिरिश्वर मिश्र, सदस्यों के रूप में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल, केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर (उत्तराखंड) की प्रोफसर तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष, प्रो. मंजुला राणा, नागिनदास खंडवाला महाविद्यालय (ए) मलाड (डब्ल्यू) मुंबई की प्राचार्य डॉ. एन्सी जोस, शासकीय स्नातक महाविद्यालय (महिला), बेगमपेट, हैदराबाद के प्राचार्य डॉ. यादगिरि, सी.डी.सी. उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद के डीन डॉ. अर्जुनराव एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, साउथ ईस्टर्न रीजनल ऑफिस (दक्षिण पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय) हैदराबाद के संयुक्त कार्यदर्शी डॉ. जी. श्रीनिवास उपस्थित थे।

जे.वी. सी. ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया, जिसमें विभागों द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया तथा उनकी कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए।

समिति के सदस्यों ने महाविद्यालय के छात्रों, पूर्व छात्रों, अभिभावकों, प्राध्यापकों तथा कार्यालयीन सदस्यों से विस्तारपूर्वक बातचीत कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। शिक्षा के स्तर को किस तरह ऊपर लाया जा सकता है। इस संदर्भ में उचित निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जे.वी.सी. के सदस्यों के मनोरंजन के लिए हिन्दी महाविद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दिनांक 4 अगस्त को जे.वी.सी. द्वारा महाविद्यालय के पुस्तकालय, एन.एस.एस.,एन.सी.सी., महिला-पुरुष छात्रावास, क्रिकेट अकादमी, जिम एवं स्पोर्ट्स विभाग का निरीक्षण किया गया तथा उनके कार्यों की विशेष रूप से सराहना की गई। तत्पश्चात जे.वी.सी. ने कार्यालयीन निरीक्षण के अंतर्गत महत्वपूर्ण दस्तावेजों, लेखा रिपोर्ट तथा महाविद्यालय की आय विवरण की जानकारी ली गयी। एक्ज़िट मीट के उपरांत महाविद्यालय के स्वायत्तता का निरीक्षण समाप्त हुआ।

**शिक्षक दिवस का आयोजन:** दिनांक 5 सितंबर को हिन्दी महाविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। महाविद्यालय के छात्रों द्वारा प्राध्यपकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्रों ने नृत्य, नाटक तथा हास्य व्यंग्य के द्वारा सभी को आनंदित किया।

**दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन:** हिन्दी महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के कुल 8 विभागों द्वारा दिनांक 30 और 31 जनवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'रोल ऑफ साइंस, टेक्नालॉजी एंड इनोवेशन इन ससटेनेबल डेवलपमेंट ऑफ इंडिया" था। संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में सी.सी.एम.बी. के पूर्व

डायरेक्टर डॉ. सी. एच. मोहन राव मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में आमंत्रित थे तथा केआईटीएस वारंगल के माननीय डायरेक्टर डॉ. वाई. मनोहर विशेष अतिथि थे।

दो दिवसीय संगोष्ठी में प्रथम सत्र लाइफ साइंस विभाग द्वारा आयोजित था, जिसमें प्रो. सी.एच. वेंकटरमणा देवी डीन फैकल्टी ऑफ साइंस, चेयरपर्सन तथा डॉ. एस.के. जेड अली एग्री बॉयोटेक फाउंडेशन के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग ने मुख्य वक्ता के रूप में विषय से संबंधित जानकारी प्रदान की। द्वितीय सत्र का आयोजन रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित था, जिसमें उस्मानिया विश्वविद्यालय की रसायन शास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. सी.एच. सरला देवी चेयरपर्सन के रूप में उपस्थित थी। डेक्कन सेक्शन के आर.एस.सी. के माननीय सचिव डॉ. वी. पीसपति ने 'ब्रांडेड ड्रग और जेनेरिक ड्रग" पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

दिनांक 31 जनवरी को आयोजित तीसरे सत्र में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी उस्मानिया विश्वविद्यालय के फॉर्मेसी विभाग की अध्यक्ष डॉ. कविता वाग्रे, चेयरपर्सन तथा इलेक्ट्रानिक एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. मोहम्मद मिसबहुद्दीन प्रमुख वक्ता ने भारत के सतत् विकास में टेक्नोलॉजी के महत्त्व पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में हैदराबाद के प्रमुख महाविद्यालयों, उस्मानिया विश्वविद्यालय, आर.बी.वी.आर.आर. कॉलेज, आंध्र महिला सभा महाविद्यालय, मल्लारेड्डी इंजिनियरिंग कॉलेज तथा सेंट जान्स कॉलेज के प्राध्यापक तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनके द्वारा प्रपत्र, पोस्टर तथा मॉडल प्रस्तुत किये गए। समापन समारोह में सी.एस.आई.आर.-आई.आई.सी.टी. हैदराबाद के डायरेक्टर डॉ. एस. चंद्रशेखर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गये।

**'प्रेरणा 2019' कार्यक्रम संपन्न:** हिन्दी महाविद्यालय में 10 जनवरी को प्रेरणा-2019 युवा महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ 9 बजे रजिस्ट्रेशन के साथ हुआ, जिसमें नगरद्वय के 50 कॉलेजों से आए 600 विद्यार्थी उपस्थित थे। छात्रों के लिए भाषण, निबंध, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, मेहंदी, गायन तथा नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना सरकार के बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन के डॉ.ए. अशोक आई.ए.एस. कमिशनर उपस्थित थे तथा सम्मानित अतिथि के रूप में बद्रुका गर्ल्स जूनियर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सरोज जैन आमंत्रित थीं।

छात्रों के लिए कुल 11 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें 33 छात्र विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रथम पुरस्कार के रूप में 1000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 750 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 500 रुपये की राशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया था।

इस कार्यक्रम को प्रायोजित करने में खेल मंत्रालय, मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, तेलंगाना टूरिज़्म, आंध्रा बैंक, नेशनल इंश्योरेस कंपनी लिमिटेड ने सहयोग प्रदान किया।

**सभा आयोजित:** हिन्दी महाविद्यालय के प्रांगण में दि. 31 दिसम्बर 2018 को 'पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा अपनाओ' सभा का आयोजन किया गया। 'हिन्दी हैं हम विश्व मैत्री मंच' के बिजय कुमार जैन के नेतृत्व में महाराष्ट्र से प्रारंभ हुई भारतीय भाषा सम्मान यात्रा का स्वागत हिन्दी महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेन्द्र लूणिया ने किया। सभा की अध्यक्षता मंच के संस्थापक डॉ. रियाजुल अंसारी ने की। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 72 साल हो चुके हैं। अज तक हम अपनी राष्ट्रभाषा निर्धारित नहीं

कर पाए, जबकि राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रीय मुद्रा, राष्ट्रीय पशु-पक्षी सभी हैं, पर राष्ट्रभाषा नहीं है। विश्व के सभी राष्ट्रों की स्वभाषा है, क्योंकि राष्ट्रभाषा से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। मंच के महासचिव डॉ. विद्याधर ने कहा कि सभी को अपनी मातृभाषा प्रिय होती है। यदि हर राज्य अपनी राज्यभाषा घोषित करेंगे, तो राष्ट्रभाषा अपने आप बन जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हैदराबाद स्थित केन्द्रीय हिन्दी संस्थान की अध्यक्ष डॉ. अनीता गांगुली ने कहा कि 'हिन्दी बने राष्ट्रभाषा' अभियान को आंदोलन में बदला जाना चाहिए। अभियान के संस्थापक व वरिष्ठ पत्रकार बिजय कुमार जैन ने कहा कि जिस तरह हर इंसान पहले अपनी मातृभाषा को प्यार करता है, वैसे ही हर एक को अपनी राष्ट्रभाषा से प्यार करना चाहिए। भारत के किसी भी कोने में जाकर हम राष्ट्रभाषा द्वारा रोज़ी-रोटी कमा सकते हैं। उनका नारा है कि पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा, इंडिया को भारत के नाम से संबोधित किया जाए और इंडिया गेट को भारत द्वार लिखा जाए।

**रोज़गार परामर्श सत्र आयोजित:** आज हिन्दी महाविद्यालय में ''शिक्षा की डोर, नवउत्थान की ओर'' के मंत्र के साथ एफडीडीआई (फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। एफडीडीआई के सहायक प्रबंधक गौरव कुमार तिवारी व्याख्याता के रूप में आमंत्रित थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि एफडीडीआई एशिया की नंबर-1 संस्था है। इस संस्था द्वारा चार साल का कौशल विकास पाठ्यक्रम तैयार किया गया है, जिसे करने के पश्चात छात्रों को 18 अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएँ रहेगी। उन्होंने बताया कि छात्र अपने कौशल से और अभ्यास से नये डिज़ाइन तैयार कर सकने में समर्थ हो सकेंगे। इसमें ऑल इंडिया सेलेक्शन के हिसाब से एडमिशन होगा।

